# मीरा के पद

Question 1.
मीराबाई वेतन के रूप में क्या पाना चाहती है ?
(a) महलों का सुख
(b) सुंदर वस्त्राभूषण
(c) कृष्ण जी का दर्शन
(d) कृष्ण जी का स्मरण

▼ Answer

Answer: (c) कृष्ण जी का दर्शन।

---

Question 2.
मीराबाई वेतन से क्या खर्चना चाहती है ?
(a) कृष्ण जी का दर्शन
(b) कृष्ण जी का स्मरण
(c) कृष्ण जी की भक्ति
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) कृष्ण जी का स्मरण।

---

Question 3.
मीराबाई कैसी जागीर पाना चाहती है ?
(a) भाव-भक्ति रूपी जागीर
(b) धन-सम्पत्ति से युक्त जीवन
(c) विशाल महल
(d) पूरा राज्य

▼ Answer

Answer: (a) भाव-भक्ति रूपी जागीर ।

---

Question 4.
श्रीकृष्ण जी के गले में कैसे फूलों की माला सुशोभित
(a) गेंदे के फूलों की
(b) गुलाब के फूलों की
(c) वैजन्ती के फूलों की
(d) चमेली के फूलों की

▼ Answer

Answer: (c) वैजन्ती के फूलों की।

---

Question 5.
श्रीकृष्ण जी गाएँ कहाँ चराते हैं ?
(a) मथुरा में
(b) वृंदावन में
(c) द्वारका में
(d) आगरा में

▼ Answer

Answer: (b) वृंदावन में।

---

Question 6.
मीराबाई महल के बीच में क्या रखना चाहती है ?
(a) दीवार
(b) दरवाजा
(c) रास्ता
(d) झरोखा

▼ Answer

Answer: (d) झरोखा।

---

Question 7.
मीराबाई अपने सावरिया का दर्शन कैसी साड़ी पहन कर करना चाहती है ?
(a) रेशमी साड़ी
(b) खद्दर की साड़ी
(c) केसरिया रंग की
(d) हरे रंग की

▼ Answer

Answer: (c) केसरिया रंग की ।

---

Question 8.
मीराबाई कृष्ण के दर्शन किस समय करना चाहती है?
(a) प्रातःकाल
(b) दोपहर
(c) संध्या के समय
(d) आधी रात के समय

▼ Answer

Answer: (d) आधी रात के समय।

---

Question 9.
मीराबाई ने कृष्ण मिलन के लिए किस स्थान को चुना ?
(a) वृंदावन को
(b) यमुना नदी के किनार को

(c) गंगा नदी के किनारे को
(d) ब्रज को

▼ Answer

Answer: (b) यमुना नदी के किनारे।

---

Question 10.
'हिवड़ो घणो अधीरॉं' का क्या अर्थ है ?
(a) हृदय बहुत मजबूत है
(b) हृदय घड़े के समान है
(c) हृदय मिलन के लिए अधीर है
(d) हृदय बहुत पीड़ित है

▼ Answer

Answer: (c) हृदय मिलन के लिए अधीर है।

---

Question 11.
मीराबाई का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
(a) सन् 1503 में, जोधपुर के कुड़की गाँव में
(b) जयपुर में, 1830 में
(c) सन् 1603 में, मेवाड़ में
(d) सन् 1503 में, चित्तौड़गड़ में

▼ Answer

Answer: (a) सन् 1503 में, जोधपुर के कुड़की गाँव में।

---

Question 12.
मीरा का विवाह कहाँ के राजा के साथ हुआ ?
(a) चित्तौड़ के राजा के साथ
(b) मेवाड़ के राजा के साथ
(c) जयपुर के राजा के साथ
(d) उदयपुर के महाराजा के साथ

▼ Answer

Answer: (b) मेवाड़ के राजा के साथ।

---

Question 13.
मीरा की भाषा कैसी है ?
(a) ब्रज
(b) अवधी
(c) मराठी
(d) राजस्थानी एवं गुजराती का सम्मिश्रण

▼ Answer

Answer: (d) राजस्थानी एवं गुजराती का सम्मिश्रण।

---

Question 14.
पहले पद में मीरा किससे विनति कर रही है ?
(a) अपने पति से
(b) श्रीराम से
(c) कृष्ण से
(d) हनुमान से

▼ Answer

Answer: (c) कृष्ण से।

---

Question 15.
'चीर' का क्या अर्थ है ?
(a) काटना
(b) चीरना
(c) वस्त्र
(d) फाड़ना

▼ Answer

Answer: (c) वस्त्र।

---

Question 16.
श्रीकृष्ण ने नरहरि का रूप क्यों धारण किया ?
(a) अपने भक्त की रक्षा के लिए
(b) जंगल में विचरण करने के लिए
(c) अपने शत्रुओं से बदला लेने के लिए
(d) कंस को मारने के लिए

▼ Answer

Answer: (a) अपने भक्त की रक्षा के लिए।

---

Question 17.
मीरा अपने आपको किसकी दासी बताती है ?
(a) प्रभु श्रीराम की
(b) गिरधारी लाल की
(c) भक्त प्रहलाद की
(d) अपने पति भोजराज की

▼ Answer

Answer: (b) गिरधारी लाल की।

---

Question 18.
मीराबाई दूसरे पद में श्रीकृष्ण से क्या निवेदन करती
(a) आप मुझे अपना चाकर (नौकर) रख लो
(b) आप मेरी विपत्ति का हरण कर लो
(c) आप दुष्टों का दमन कर दो
(d) आप मुझे दर्शन दे दो

▼ Answer

Answer: (a) आप मुझे अपना चाकर (नौकर) रख लो
मुझे अपना चाकर रख लीजिए।

---

Question 19.
चाकर बनकर मीरा बाई कृष्ण के लिए क्या करना चाहती है ?
(a) वह सुंदर महल बनाना चाहती है
(b) वह बाग लगाना चाहती है
(c) 'a' और 'b' दोनों कथन सत्य हैं
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) 'a' और 'b' दोनों कथन सत्य हैं
वह बाग लगाना चाहती है व महल बनाना चाहती है।

---

Question 20.
मीराबाई वृंदावन की गलियों में क्या करना चाहती है ?
(a) कृष्ण की मूर्ति की स्थापना
(b) कृष्ण के लिए बाग लगाना
(c) कृष्ण को उलाहना देना
(d) कृष्ण की लीला को गाना चाहती है

▼ Answer

Answer: (d) कृष्ण की लीला गाना चाहती है।

---

## काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

हरि आप हरो जन री भीर।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धर्यो आप सरीर ॥
बूड़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर ॥

Question 1.
प्रस्तुत पद में 'भीर' का क्या अर्थ है?
(a) भीड़
(b) भिड़ना

(c) लड़ना
(d) विपत्ति

▼ Answer

Answer: (d) विपत्ति
विपत्ति, कष्ट।

---

Question 2.
कृष्ण ने द्रौपदी की लाज किस प्रकार रखी?
(a) दुष्टों को मारकर
(b) द्रौपदी का कौरवों की सभा में चीर बढ़ाकर
(c) दुशासन का वध करके
(d) कौरवों का अंत करके

▼ Answer

Answer: (b) द्रौपदी का कौरवों की सभा में चीर बढ़ाकर।

---

Question 3.
कृष्ण ने नरहरि का रूप किसकी रक्षा के लिए धारण किया?
(a) हिरण्यकश्पु की
(b) भक्त प्रहलाद की
(c) अहिल्याबाई की
(d) होलीका की

▼ Answer

Answer: (b) भक्त प्रहलाद की
भक्त प्रहलाद।

---

Question 4.
कृष्ण ने गजराज की रक्षा किससे की?
(a) साँप से
(b) सिंह से
(c) नरसिंह से
(d) मगरमच्छ से (ग्राह से)

▼ Answer

Answer: (d) मगरमच्छ से (ग्राह से)
मगरमच्छ से।

---

Question 5.
मीराबाई कृष्ण से क्या विनति करती है?
(a) आप सभी के रक्षक हैं
(b) आप अपने भक्तों की पुकार सुनते हैं

(c) आप मुझे भी विपत्ति से छुटकारा दिलाओ
(d) सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) सभी कथन सत्य हैं।

---

(2)

स्याम म्हाने चाकर राखो जी, गिरधारी म्हाँने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ, नित उठ दरसण पास्यूँ।
बिन्दराबन री कुंज गली में, गोविन्द लीला गास्यूँ।
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची।
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनू बाताँ सरसी।
मोर मुगट पीतांबर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा-ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखू बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसम्बी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यो जमनाजी रे तीराँ।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।

Question 1.
मीराबाई कृष्ण से क्या विनती करती है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- मुझे अपना नौकर रख लो
- मैं आपकी सेवा करना चाहती हूँ।

---

Question 2.
मीरा कृष्ण की चाकर (दासी) बनकर क्या-क्या करना चाहती है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- बाग लगाना चाहती है
- महल बनाना चाहती है
- कृष्ण-लीला को गाना चाहती है
- प्रातः कृष्ण के दर्शन करना चाहती है।

---

Question 3.
मीरा ने कृष्ण के सौंदर्य का कैसा वर्णन किया है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- बहुत ही मन भावन
- कृष्ण जी ने पीतांबर धारण किए हैं
- उनके सिर पर मोर के पंखों का मुकुट है
- उनके गले में वैजन्ती की माला है।

---

Question 4.
मीराबाई महल के बीच-बीच में बारी (झरोखा) क्यों रखना – चाहती है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- ताकि प्रातः उठकर कृष्ण जी का दर्शन कर सके।

---

Question 5.
मीराबाई कृष्ण से कब और किस रूप में मिलना चाहती है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- आधी रात के समय
- यमुना नदी के किनारे
- केसरिया रंग की साड़ी पहनकर।

---

## बोधात्मक प्रश्न

Question 1.
मीरा कृष्ण की भक्ति किस रूप में करती है?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- पति के रूप में।

---

Question 2.
मीरा ने अपनी विपत्ति दूर करने के लिए पौराणिक कथाओं का उल्लेख क्यों किया है?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- वह बताना चाहती है कि आप भक्त-वत्सल हैं
- भक्त पर मुसीबत आती है तो आप उसकी रक्षा के लिए दौड़े चले आते हैं
- जब आप अपने सभी भक्तों की रक्षा करते हैं इसलिए मेरी भी विपत्ति को अवश्य ही दूर करोगे।

---

Question 3.
श्याम की चाकरी के पीछे मीरा का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- मीरा का स्वार्थ है- कृष्ण के दर्शन पाना
- वह कृष्ण के दर्शन हर हाल में संभव करना चाहती है
- मीराबाई कृष्ण का सानिध्य चाहती है।

---